लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



स्वरा भास्कर ने पूरा किया बॉलीवुड का अपना सपना

राष्ट्रीय-11

www.dailypioneer.com



# एसएमएस में मनाया गया तकनीकी व सांस्कृतिक उत्सव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**स्कूल ऑफ** मैनेजमेंट सांइसेज के सचिव एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी शरद सिंह के मार्गदर्शन में इलेक्ट्रानिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग द्वारा दो दिवसीय तकनीकी एवं सांस्कृतिक उत्सव ''इलेक्ट्रेट-2019' का धूमधाम से आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन प्रथम दिन के मुख्य अतिथि लखनऊ मेट्रो रेल कारपोरेशन के महाप्रबंधक त्रदीप कुमार खरे ने किया। कार्यक्रम में तकनीकी एवं सांस्कृतिक क्षेत्र से जुड़ी प्रस्तुति में प्रदेश के विभिन्न 19 तकनीकी संस्थानों के छात्रों ने भाग लिया। लगभग 462 विद्यार्थियों ने प्रस्तुति दी। 'इलेक्ट्रेट-2019' कार्यक्रम के दूसरे दिन लखनऊ की मेयर संयुक्ता भाटिया मुख्य अतिथि रहीं। श्रीमती भाटिया ने अपने वचनों से छात्रों का मार्गदर्शन एवं उत्साहवर्धन किया। श्रीमती भाटिया ने उत्तर-प्रदेश के पूर्व राज्यपाल रामनाईक द्वारा लिखित पुस्तक 'चरैवेति!




चरैवेति!' के माध्यम से छात्रों को लक्ष्य प्राप्त करने के लिए 'चलते रहो, चलते रहो' की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विभागाध्यक्ष राहुल मिश्रा ने कहा कि समारोह मुख्यत: तकनीकी एवं सांस्कृतिक क्षेत्र से जुड़ी प्रतिभाओं के प्रस्तुतिकरण के लिये आयोजित किया गया है। कार्यक्रम का संचालन इलेक्ट्रानिक्स एवं कम्युनिकेशन विभाग के समस्त छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया, जिसमें सोनल कुमारी, वनिता मिश्रा और उनके दल ने सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न कराया। प्रियंका सक्सेना, मनीष पाण्डेय, प्रखर सिंह एवं उनके दल ने तकनीकी कार्यक्रम को सम्पन्न कराया। कार्यक्रम में हिमांशु, प्रशान्त सिंह और अन्य छात्रों का भरपूर योगदान रहा। इस अवसर पर एसएमएस के महानिदेशक (तकनीकी) प्रो भरतराज सिंह व निदेशक डॉ. मनोज मेहरोत्रा ने भी अपने वचनों से छात्रों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के इस अवसर पर एसएमएस के सचिव एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी शरद सिंह, संकायाध्यक्ष प्रो धर्मेन्द्र सिंह, प्रो पीके सिंह एवं विभिन्न विभागों के अध्यक्ष, शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।